टैलेंट सर्च के ग्रैंड फिनाले में बिखरेगी हुनर की चमक

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

अमर उजाला, अविरल क्लासेस, अविरल पब्लिक स्कूल और डीडी कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित टैलेंट सर्च के ऑडिशन में सफल प्रतिभागी आज मंच पर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। बॉलीवुड प्रोफेशनल्स ने इन अभ्यर्थियों को सात दिन की वर्कशॉप में ट्रेनिंग दी है। ग्रैंड फिनाले आज शाम पांच बजे से टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

राजपुर रोड स्थित अविरल क्लासेस में अमर उजाला टैलेंट सर्च के ऑडिशन में चुने गए प्रतिभागियों की ट्रेनिंग के लिए सात दिनों की वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें डांसिंग, सिंगिंग, एक्टिंग, मॉडलिंग, फाइन आर्ट्स और एकरिंग व स्टैंडअप कॉमेडी से जुड़े एक्सपर्ट्स ने नए कलाकारों के हुनर को तराशने के लिए तमाम बारीकियां सिखाई। वर्कशॉप में प्रसिद्ध प्रोफेशनल बालीवुड ट्रेनर और इंडिया गोट टैलेंट फेम स्टार एंकर व डांस कोरियोग्राफर फारूख सिद्दीकी ने डांस और एंकरिंग के

राजपुर रोड स्थित अविरल क्लासेस में टैलेंट सर्च के दौरान प्रतिभागियों को एक्टिंग के गुण सिखाते अरविंद कुमार।

अमर उजाला टैलेंट सर्च के प्रतिभागियों को दी गई सात दिन की ट्रेनिंग



टिप्स दिए। सिंगिंग के प्रतिभागियों को प्रसिद्ध बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर दीपक जैन व सारेगामा फेम सोनिया आनंद ने अच्छा गायक बनने के गुर सिखाए। वहीं रोडीज फेम स्टार मॉडल गर्व और मिस इंडिया अर्थ फेम सोनाली वर्मा ने मॉडलिंग के प्रतिभागियों को टिप्स दिए। बॉलीवुड टैटू आर्टिस्ट विवेक विश्वास ने प्रतिभागियों को फाइन आर्ट को तराशने के हुनर सिखाए। विवेक बॉलीवुड की कई हस्तियों के टैटू आर्टिस्ट के तौर पर काम कर रहे हैं। एक्टिंग के प्रतिभागियों को अरविंद कुमार ने टिप्स दिए। कार्यक्रम के आयोजन में अविरल क्लासेस, अविरल पब्लिक स्कूल, डीडी कॉलेज, बबल्स प्ले स्कूल, न्यू एरा मॉडलिंग फोटो स्टूडियो, हाई जिंक, फ्लाइंग मशीन, चावलास फैमिली रेस्टोरेंट्स, होटल सैफ्रॉन लीफ, द ग्रेट इंडियन पब, जीटीएस गढ़वाल टैक्सी सर्विस, सिल्वर सिटी सिनेमा, इथोपिया हुंडई, डॉट टैटू, न्यू एरा फोटो स्टूडियो और एर्डोन आउटडोर एडवरटाइजर एजेंसी सहयोग कर रहे हैं।

नगर निगम के टाउन हॉल में अमर उजाला एवं अविरल क्लासेज की ओर से आयोजित टैलेंट सर्च के समापन अवसर पर प्रमाणपत्र के साथ प्रतिभागी।

टैलेंट सर्च के ग्रैंड फिनाले में बिखरी हुनर की चमक

सिंगिंग, एंकरिंग एक्टिंग, डांसिंग मॉडलिंग में बिखेरे जलवे

अमर उजाला टैलेंट सर्च में चुने गए प्रतिभागियों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

गायन की प्रस्तुति देते सीनियर प्रतिभागी।

मॉडलिंग में प्रतिभाग करते मॉडल्स।



अपहरण नाटक का मंचन करते प्रतिभागी।

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

अमर उजाला टैलेंट सर्च में चुने गए प्रतिभागियों ने सोमवार को आयोजित ग्रैंड फिनाले में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। सिंगिंग, एंकरिंग, एक्टिंग, डांसिंग और मॉडलिंग में शानदार प्रस्तुति देकर उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक दर्शक कार्यक्रम का लुत्फ लेते रहे।

सोमवार को एसएसपी स्वीटी अग्रवाल, समाज सेवी व फ्लोर के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर जपेंद्र सिंह और समाज सेवी रीता गोयल ने बतौर अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अविरल क्लासेज के निदेशक डीके मिश्र, डीडी कॉलेज के डायरेक्टर जितेंद्र यादव और पावरा रिसोर्ट के अमृत आर्य ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। टैलेंट सर्च में ऑडिशन के बाद चुने गए प्रतिभागियों को बॉलीवुड प्रोफेशनल्स ने सात दिन की ट्रेनिंग दी है। कलाकारों ने मंच पर अपहरण नाटक की प्रस्तुति दी। इसके जरिये उन्होंने समाज को क्राइम रोकने का संदेश दिया। कलाकारों ने हुए सिंगिंग में हम्मा-हम्मा गीत की प्रस्तुति दी। राहत जी से आज मैंने ब्रेक अप कर लिया गीत पर कलाकारों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। मॉडलिंग में कलाकारों ने रैंप पर जलवे बिखेरे।

नन्हे-मुन्हें बच्चों ने रैंप वॉक कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध प्रोफेशनल बॉलीवुड ट्रेनर और इंडियाज गॉट टैलेंट फेम स्टार

नगर निगम के टाउन हॉल में सोमवार को अमर उजाला एवं अविरल क्लासेज की ओर से आयोजित टैलेंट सर्च के ग्रैंड फिनाले का दीप जलाकर शुभारंभ करती एसएसपी स्वीटी अग्रवाल, रीता गोयल, कुंवर जपेंद्र सिंह, डीके मिश्रा एवं अन्य।

अमर उजाला ने अच्छा प्रयास किया है। ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। यहां से उन्हें तराश कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी पहुंचाया जा सकता है। -कुंवर जपेंद्र सिंह, समाजसेवी	काफी अच्छा रिस्पांस मिला। उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए जल्द ही एक और कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। -डीके मिश्र, डायरेक्टर, अविरल क्लासेज	बच्चों को लेकर इस तरह के आयोजन की जरूरत थी। अमर उजाला ने बेहतरीन कार्यक्रम तैयार किया है। आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में पूरा सहयोग दूंगी। -रीता गोयल, समाजसेवी

एंकर व डांस कोरियोग्राफर फाल्गुन सिन्हा ने किया। प्रसिद्ध बॉलीवुड फोटोग्राफर दीपक जैन, सावधान फेम मोनिका आनंद, देहरादून फेम स्टार मॉडल वर्मा, मिस इंडिया अर्थ फेम सोनाली वर्मा, बॉलीवुड टैटू आर्टिस्ट विवेक विश्वास और प्रसिद्ध आर्टिस्ट अरविंद कुमार ने कलाकारों को सात दिन की वर्कशॉप में ट्रेनिंग दी थी।

कार्यक्रम के आयोजन में अविरल क्लासेज, अविरल पब्लिक स्कूल, डीडी कॉलेज, बबल्स प्ले स्कूल, न्यू एज मॉडलिंग फोटो स्टूडियो, हाई लिंक, फ्लाइंग मशीन, चाकलेट फैमिली रेस्टोरेंट, होटल सैफरॉन लीफ, द ग्रेट इंडियन पब, जौलीग्रांट गढ़वाल टैक्सी सर्विस, सिल्वर सिटी सिनेमा, इमेजिन्स मुंबई, हॉट टैटू, न्यू एज फोटो स्टूडियो और एबीन आउटडोर एडवरटाइजिंग एजेंसी ने सहयोग किया।

प्रस्तुति खत्म होने के बाद भावुक हो उठी नन्ही प्रतिभागी।

गिटार के साथ गीत प्रस्तुत करते प्रतिभागी।

नाटक का मंचन करते प्रतिभागी।

नगर निगम के टाउन हॉल में अमर उजाला एवं अविरल क्लासेज की ओर से आयोजित टैलेंट सर्च के ग्रैंड फिनाले में नृत्य करते प्रतिभागी।

टैलेंट सर्च कार्यक्रम के दौरान मॉडलिंग में प्रतिभाग करते मॉडल्स।

डांस की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

टैलेंट सर्च के ग्रैंड फिनाले में मॉडलिंग में प्रतिभाग करते मॉडल्स।

कोटद्वार के अफजल बने मिस्टर उत्तराखंड

शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में अहमद द्वितीय और सरदार रहे तृतीय

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर।

हिमालयन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की पहल पर आयोजित उत्तराखंड शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का खिताब कोटद्वार के अफजल खान के सिर सजा। सोमवार देर शाम मिस्टर उत्तराखंड की घोषणा हुई।

आईडीपीएल स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित उत्तराखंड शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 50 बॉडी बिल्डर्स ने प्रतिभाग किया। मंच पर जजों के बीच अपने आकर्षक और सुडौल शरीर का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में कोटद्वार के अफजल खान ने मिस्टर उत्तराखंड का खिताब अपने नाम किया। मिस्टर उत्तराखंड चुने जाने पर पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं रुड़की के आजाद अहमद को द्वितीय और ऋषिकेश के सरदार को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। इससे पहले मिस्टर ऋषिकेश का खिताब संदीप राणा ने जीता। मुख्य अतिथि मोहित कुमार और आईडीपीएल के महाप्रबंधक जीतेश पांडे ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

उत्तराखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं : बिग बी

अमर उजाला ब्यूरो

नई टिहरी।

सुपर स्टार अमिताभ बच्चन, सांसद जया बच्चन, उद्योगपति अनिल अंबानी और टीना सोमवार दोपहर डेढ़ बजे नरेंद्रनगर से मुंबई रवाना हो गए। इस दौरान उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता को अद्भुत बताते हुए बिग बी अमिताभ बच्चन ने कहा कि उत्तराखंड वास्तव में देव भूमि है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उधर, विराट कोहली और फिल्म अभिनेत्री अनुष्का शर्मा रविवार शाम को ही दिल्ली रवाना हो गए।

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, सांसद जया, उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी पत्नी

उत्तराखंड प्रवास के बाद मुंबई लौटे अमिताभ और अंबानी परिवार

टीना अंबानी होटल आनंदा में न्यू ईयर मनाने के बाद रविवार शाम को गंगा आरती के लिए ऋषिकेश गए और रात्रि विश्राम को होटल में लौटे। सोमवार को बिग बी व उनके मित्र करीब डेढ़ बजे जौलीग्रांट के लिए रवाना हुए और वहां से वे अपने चार्टर्ड प्लेन से मुंबई के लिए प्रस्थान कर गए। क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा 24 दिसंबर को नरेंद्रनगर स्थित होटल आनंदा में नए साल का जश्न मनाने आए थे। दोनों ने होटल के अलावा

मुंबई के लिए रवाना होने से पूर्व जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर सुपरस्टार अमिताभ।

ऋषिकेश, हरिद्वार में छुट्टियों का लुत्फ उठाया।

होटल में जहां उन्होंने गढ़वाली व्यंजनों का स्वाद चखा, वहीं ऋषिकेश के गंगा घाट और हरिद्वार में आश्रमों के भी दर्शन किए। एक जनवरी की शाम चार बजे वह गंगा आरती के लिए परमार्थ निकेतन गए और उसके बाद जौलीग्रांट एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना हुए।

बच्चन को देखने उमड़े प्रशंसक

डोईवाला (ब्यूरो)। देवभूमि उत्तराखंड में नया साल मनाने के बाद सोमवार को क्रिकेटर विराट कोहली, अभिनेत्री अनुष्का शर्मा, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, उद्योग पति अनिल अंबानी वापस लौट गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर दोपहर में सेलिब्रेटीज की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों प्रशंसक डटे रहे।

नया साल मनाने के लिए बीते 26 दिसंबर को क्रिकेटर विराट कोहली, बालीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा सबसे पहले उत्तराखंड प्रवास पर आए थे। 29 दिसंबर को शुक्रवार अमिताभ बच्चन, पत्नि जया बच्चन और उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी के साथ जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे थे। नया साल उत्तराखंड की वादियों में मनाने के बाद सोमवार को सभी लौट गए। सोमवार दोपहर एक बजे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा पहुंचे और चार्टर विमान से वापसी की उड़ान भरी। दोपहर 2:30 बजे सुपर स्टार अमिताभ बच्चन, सांसद जया बच्चन और उद्योगपति अनिल अंबानी, टीना अंबानी जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर आए और कुछ देर बाद ही चार्टर विमान से उड़ान भरी।